## केन्द्रीय विद्यालय नाहरा कक्षा –नौवीं ग्रीष्मकालीन गृहकार्य

### प्रश्न 1 निम्नलिखित पत्र लिखे

1अपने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात आयुक्त के नाम पत्र लिखिए

२ गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं अपराधों की रोकथाम के लिए थाना अध्यक्ष को पत्र लिखिए

३ आपका एक मित्र शिमला में रहता है आप उसके आमंत्रण पर ग्रीष्मावकाश में वहां गए थे और प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाया था घर पर वापस लौटने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मित्र को पत्र लिखिए

4 आप अपनी किसी गलती के लिए बहुत लज्जित है और मां के सामने जाने का साहस भी नहीं कर रही हैं ,इस तथ्य को स्पष्ट करते हुए मां को पत्र लिखकर क्षमा याचना कीजिए

5 किसी विशेष टीवी चैनल द्वारा अंधविश्वासों को प्रोत्साहित करने वाले वैज्ञानिक और तार्किक कार्यक्रम पर दिखाए जाने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए

6 हाल ही में आपने पढ़ाई में किसी बच्ची की मदद की थी वह बच्ची परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो गई अपने इस सुखद अहसास को पत्र लिखकर अपने मित्र को बताइए

7 आजकल खाद्य पदार्थों में रासायनिक रंग दवाइयां मिलावट आदि का भरपूर प्रयोग किया जा रहा है इन हानिकारक पदार्थों से मुक्त खाद्य को अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य आपूर्ति मंत्री को पत्र लिखिए

8 पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए

9 आपके क्षेत्र के पार को कूड़ेदान बना दिया गया था आप पुलिस की पहल और मदद से पुनः बच्चों के लिए खेल का मैदान बन गया है अतः आप पुलिस आयुक्त को धन्यवाद पत्र लिखिए

### प्रश्न 2 अनुच्छेद लिखिए

**1 कमरतोड़ महंगाई**

संकेत बिंदु

महंगाई के कारण, समाज पर प्रभाव, व्यावहारिक समाधान

**2 स्वच्छ भारत अभियान**

संकेत बिंदु

विकास में स्वच्छता का योगदान, अस्वच्छता से हानियां, रोकने के उपाय

**3 बदलती जीवन शैली**

संकेत बिंदु: जीवन शैली का आशय, बदलाव कैसा, परिणाम

4 **धरती कहे पुकार के**

संकेत बिंदु: सहनशील धरती, सांप्रदायिकता से मुक्ति, खुशहाल वातावरण -पर्यावरण

**5 क्रिकेट मैच का आंखों देखा वर्णन**

संकेत बिंदु: कहां, कैसे,कब2 आनंददायक 3 परिणाम

**6 महानगरीय जीवन**

संकेत बिंदु : विकास की अंधी दौड़, संबंधों का ह्रास, दिखावा

**7 पर्वों का बदलता स्वरूप**

संकेत बिंदु : तात्पर्य , परंपरागत तरीके, बाजार का बढ़ाता प्रभाव

**8 बीता समय फिर लौटता नहीं**

संकेत बिंदु : समय का महत्व , समय नियोजन, समय कमाने की हानियां

**9 समाचार पत्र ज्ञान का सशक्त साधन**

संकेत बिंदु : समाचार का अर्थ , समाचार पत्र की प्रतीक्षा, समाचार पत्रों के प्रकार, लोकतंत्र का आधार स्तंभ,समाचार पत्र के लाभ

## प्रश्न 3 अपठित गदयांश

"मनुष्य सामाजिक प्राणी है।" वह समाज में रहकर अपनी सेवाओं के आदान-प्रदान से सभी इच्छाओं की पूर्ति करता है। यह भावना मित्रता को जन्म देती है। मित्रता का अर्थ है, सहायक या दोस्त जो हर सुख-दुख में हमारा साथ निभाता है। अत: जीवन में मित्रता का महत्त्व सभी लोग स्वीकार करते हैं। सच्ची मित्रता सुख का सार है। सच्ची मित्रता उन बाँहों के समान सहारा देने वाली होती है जो हर मुसीबत में साथ देकर संकट को दूर भगाती हैं। मित्र बनाते समय हमें सावधानी भी रखनी चाहिए कि अच्छे व्यक्ति को ही अपना मित्र

बनाएँ। तड़क-भड़क, शान-शौकत तथा फैशन करने वाले, हँसमुख, मनभावनी चाल देखकर ही किसी को मित्र नहीं बनाना चाहिए। अच्छे मित्र का मिलना परम सौभाग्य की बात मानी जाती है। वह व्यक्ति माता के समान धैर्य तथा कोमलता रखता है। औषधि के समान कड़वी बात कहकर भी हमारी कमियों को दूर भगाता है तथा हमारा सुधार करता है। जैसे विपत्ति में खजाना काम आ जाता है, विपत्ति से बचा लेता है उसी प्रकार एक अच्छा मित्र हरदम हमारा कल्याण चाहता रहता है। मित्र के नाम पर बुरे लोग भी समाज में मिल जाते हैं। वे हमसे नहीं; हमारे पैसे से प्रेम करते हैं। वे हमारी नैतिकता का पतन कराते हैं। अत: हमें उनसे बचकर ही रहना चाहिए। यह सोचकर मित्रता का हाथ बढ़ाना चाहिए कि वह आगामी जीवन में कितना उपयोगी सिद्ध होगा। मित्रता से अनेक लाभ हैं। सच्चा मित्र सुख, दुख में साथ देता है। हमारी सद्वृत्तियों को बढ़ाता है। जीवन का मार्ग आसान होता जाता है। अत: मित्रता के लाभ का महत्त्व स्वत: स्पष्ट हो जाता है।

1. मित्रता को जन्म देती है :

(क) मूर्खता की भावना (ख) सरलता की भावना(ग) सामाजिकता की भावना(घ) असामाजिकता की भावना

2. हमारी नैतिकता का पतन कराते हैं :

(क) हमसे प्रेम करने वाले (ख) हमारे पैसे से प्रेम करने वाले (ग)हमारे सच्चे मित्र (घ)उपर्युक्त सभी

3. हरदम हमारा कल्याण चाहता है :

(क) सहपाठी (ख) पड़ोसी (ग) अच्छा मित्र घ) उपर्युक्त तीनों नहीं

4. 'मित्रता' शब्द व्याकरण के अनुसार है :

(क) विशेषण (ख) भाववाचक संज्ञा (ग) प्रविशेषण (घ) सर्वनाम

5. 'सामाजिक' – मूल शब्द व प्रत्यय का सही विकल्प है :

(क) सामाज + इक (ख) समाज + ईक (ग) समाज + इक (घ) सामाज + क

2 एकबार स्वामी विवेकानंद का एक शिष्य उनके पास आया और उसने कहा, 'स्वामी जी, मैं आपकी तरह भारत की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज का प्रचार-प्रसार करने के लिए अमेरिका जाना चाहता हूँ। यह मेरी पहली यात्रा है। आप मुझे विदेश जाने की अनुमति और आशीर्वाद दें ताकि मैं अपने मक़सद में सफल होऊँ।'स्वामी जी ने उसे ऊपर से नीचे तक देखा फिर कहा, 'सोचकर बताऊँगा।'शिष्य हैरत में पड़ गया। उसने विवेकानंद जी से इस उत्तर की कल्पना भी नहीं की थी। उसने फिर कहा, स्वामी जी, मैं आपकी तरह सादगी से अपने देश की संस्कृति का प्रचार करूँगा । मेरा ध्यान और किसी चीज पर नहीं जाएगा । विवेकानंद ने फिर कहा, 'सोचकर बताऊँगा।' शिष्य ने समझ लिया कि स्वामी जी उसे विदेश नहीं भेजना चाहते इसलिए ऐसा कह रहे हैं। वह उनके पास ही रुक गया। दो दिनों के बाद स्वामी जी ने उसे बुलाया और कहा,'तुम अमेरिका जाना चाहते हो तो जाओ । मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है।' शिष्य ने सोचा कि स्वामी जी ने इतनी छोटी सी बात के लिए दो दिन सोचने में क्यों लगाए। उसने अपनी यह दुविधा स्वामी जी को बताई। स्वामी जी ने कहा, 'मैं दो दिनों में यह समझना चाहता था कि तुम्हारे अन्दर कितनी सहनशक्ति है। कहीं तुम्हारा आत्मविश्वास डगमगा तो नहीं रहा है । लेकिन तुम दो दिनों तक यहाँ रहकर निर्विकार भाव से मेरे आदेश की प्रतीक्षा करते रहे। न क्रोध किया, न जल्दबाजी की और नहीं धैर्य खोया। जिसमें इतनी सहनशक्ति और गुरु के प्रति प्रेम भाव होगा, वह शिष्य कभी भटकेगा नहीं। मेरे अधूरे काम को वही आगे बढा सकता है। किसी दूसरे देश के नागरिक के मन में अपनी देश की संस्कृति को अन्दर तक पहुँचाने के लिए ज्ञान के साथ-साथ, धैर्य,विवेक और संयम की आवश्यकता होती है। मैं इसी बात की परीक्षा ले रहा था।'

6. 'सोचकर बताऊँगा।'-स्वामी जी ने ऐसा क्यों कहा ?

(क) शिष्य को अमेरिका नहीं भेजना चाहते थे । (ख) शिष्य को भारत की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज का ज्ञान नहीं था ।

(ग) शिष्य के पास पर्याप्त धन नहीं था । (घ) शिष्य के धैर्य,विवेक और संयम की परीक्षा लेना चाहते थे ।

7. विवेकानंद जी के उत्तर न देने पर शिष्य ने क्या किया ?

(क) स्वामी जी से विनती करने लगा। (ख) धैर्य खोकर विचलित हो गया ।

(ग) निर्विकार भाव से प्रतीक्षा करता रहा। (घ) अमेरिका चला गया।

8. शिष्य का अमेरिका जाने का उद्देश्य था :

(क) धैर्य, विवेक और संयम बताना। (ख) भारत की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज का प्रचार करना।

(ग) अमेरिका की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज जानना। (घ) स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त करना।

9. निम्नलिखित में से असत्य कथन है :

(क) एक शिष्य में सहनशक्ति और गुरु के प्रति प्रेम का भाव जरूरी है।

(ख) स्वामी जी के शिष्य में आत्मविश्वास और सहनशक्ति की कोई कमी नहीं थी।

(ग) स्वामी जी शिष्य को अमेरिका नहीं भेजना चाहते थे।

(घ) शिष्य भारत की संस्कृति, दर्शन और रीति-रिवाज का प्रचार करना चाहता था।

10. गद्यांश में 'मक़सद' शब्द से आशय है :

(क) आरंभ (ख) हैसियत (ग) संस्कार (घ) उद्देश्य

3 डिजिटल इंडिया के तहत केंद्र सरकार तीन बड़े लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ रही है - पहला , देश में व्यापक स्तर पर आधारभूत डिजिटल सेवाओं का विकास , जिनका प्रयोग नागरिकों द्वारा बिना रोक - टोक किया जा सके । दूसरा , जनता को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सरकारी सेवाओं तथा प्रशासनिक सुविधाएँ हर समय उपलब्ध रहें, जिसे तकनीकी भाषा में 'ऑन डिमांड' कहा जाता हैं, अर्थात जब चाहे , सेवा पाएँ तीसरा लक्ष्य है - भारतीय नागरिकों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम और सबल बनाना । इसके लिए ज़रूरी है कि तकनीकी उपकरणों , सुविधाओं , ज्ञान और सूचनाओं को समाज के सभी स्तरों तक पहुँचाया जाए ।

डिजिटल इंडिया की अवधारणा तकनीकी विश्व के ताजा रुझानों के भी अनुरूप है , जहाँ दुनिया भर की आबादी को इंटरनेट से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है । न सिर्फ सरकारों के स्तर पर , बल्कि निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा भी । दुनिया की सबसे बड़ी सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने पिछले दिनों अपने भारत दौरे के समय कहा था कि भारत के 23 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े हुए है , जबकि एक अरब आज भी इससे वंचित है । यदि भारत आने वाले गाँवो को कनेक्ट करने में सफल रहता है , तो दुनिया उसकी ओर ध्यान देने में मजबूर होगी। देश के विशाल समाज और उसमें निहित बाज़ार तक पहुँच का एक आसान तथा शक्तिशाली ज़रिया उपलब्ध हो जाएगा ।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए :-**

**1 'डिजिटल इंडिया'अवधारणा के अंतर्गत केंद्र सरकार किस लक्ष्य को लेकर आगे नहीं बढ़ रही हैं ?**

(क) देश में व्यापक स्तर पर आधारितडिजिटल सेवाओं का विकास |

(ख) देश के प्रत्येक व्यक्ति के पास कम्प्यूटर एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो।

(ग) जनता को हर समय इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सरकारी सेवाएँ तथा प्रशासनिक सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

(घ) भारतीय नागरिकों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम एवं सबल बनाना ।

**2 तकनीकी उपकरणों ,सुविधाओं ,ज्ञान एवं सूचनाओं को समाज के सभी स्तरों तक पहुँचाना क्यों ज़रूरी है ?**

(क) ताकि समाज का हर व्यक्ति इसके महत्व को समझ सके।

(ख) ताकि समाज का हर व्यक्ति तकनीकी रूप से लाभान्वित हो सके।

(ग) ताकि समाज का हर व्यक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सके।

(घ) ताकि 'डिजिटल इंडिया' के बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

3. **गद्यांश के अनुसार , भारत अपने गाँवो को किससे जोड़ने में सफल रहता है , तो दुनिया उसकी और ध्यान देने पर विवश हो जाएगी ?**

(क) इंटरनेट से।

(ख) कम्प्यूटर से।

(ग) मोबाइल से ।
(घ) डिजिटल इंडिया से ।

4. **गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'अवधारणा ' में कौन-सा उपसर्ग निहित है ?**
(क) अ (ख) अव (ग) अव् (घ) आ

5. **प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक बताइए ?**
(क) डिजिटल इंडिया । (ख) डिजिटल इंडिया की अवधारणा ।
(ग) भारत की प्रगति का मार्ग । (घ) भारत की शक्ति : डिजिटल इंडिया ।

**गद्यांश -4**

सामान्य धारणा यह है कि वैश्विक तापवृर्धि केवल मनुष्यों द्वारा उत्पन्न समस्या है। वास्तव में मानवीय क्रियाकलाप धरती के बढ़ते हुए तापमान के एक अंश के लिए ही उत्तरदायी हैं। प्रकृति में स्वतः होने वाली बहुत - सी प्रक्रियाएँ भी तापवृर्धि के महत्वपूर्ण कारण हैं । वैज्ञानिकों ने तापवृधि से सम्बंधित बहुत - सी व्याख्याएँ की हैं । ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण हमारे वातावरण की निचली सतह में उपस्थित ग्रीनहाउस गैसें सूर्य से आने वाली अवरक्त किरणों ( इंफ्रारेड रेडियेशन ) को पृथ्वी पर आने में मदद करती है, जिससे पृथ्वी गर्म होने लगती है । ग्रीनहाउस गैसों की व्रद्धि बहुत - सी मानवीय गतिविधियों ; जैसे - जीवाश्मों का जलना , वनों की कटाई और कृषि कार्यों से भी होती है। हालाँकि ग्रीनहाउस गैसों की हमारे जीवन में बहुत उपयोगिता भी है । यदि ये गैसे न हों , तो हमारी धरती का तापमान इतना कम हो जाएगा कि पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं कि जा सकेगी ।
सौर ऊर्जा में परिवर्तन सम्बन्धी परिकल्पना के अनुसार , सूर्य की सतह पर होने वाली अभिक्रियाओं की मात्रा में परिवर्तन होने के कारण सूर्य से आने वाले प्रकाश में समय के साथ - साथ परिवर्तन होता रहता है । इसके अतिरिक्त वैज्ञानिको द्वारा यह संभावना भी व्यक्त की जा रही है कि पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर घूमने वाली कक्षा में परिवर्तन हो गया है । पृथ्वी की कक्षा में छोटे से परिवर्तन से भी पृथ्वी द्वारा सूर्य से प्रकाश ग्रहण करने की मात्रा में भारी अंतर आ सकता है । ज्वालामुखी विस्फोटो के फलस्वरूप बहुत - सी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं और धरती के वातावरण की निचली सतह पर जमा हो जाती हैं। भुगर्भ विज्ञान के साक्ष्यों के अनुसार , लंबे समय - अंतरालों के बाद धरती गर्म और ठंडी होती रहती हैं । ठंडे काल को 'हिमयुग ' कहा जाता है । ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि धरती अभी किसी हिमयुग से उबर रही है और इसके फलस्वरूप धीरे - धीरे गर्म हो रही है ।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए :-

1. वैश्विक तापवृर्धि के महत्वपूर्ण कारणों में कौन शामिल है ?

(क) मानवीय गतिविधियाँ ख) सौर ऊर्जा (ग) पृथ्वी की कक्षा में परिवर्तन सम्बंधी सम्भावना

(घ) उपरोक्त सभी

2. सूर्य से आने वाली कौन- सी किरणें वैश्विक तापवृर्धि में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ?

(क) गामा किरणें (ख) लेज़र किरणें (ग) अवरक्त किरणें (घ) ग्रीनहाउस गैसें । 1

3. पृथ्वी की कक्षा में छोटा - सा परिवर्तन भी वैश्विक तापवृधि में कौन - सी भूमिका निभाता है ?

(क) वैश्विक तापमान पूर्व की अपेक्षा कम हो जाता है ।

(ख) वैश्विक तापमान पूर्व की अपेक्षा थोड़ा अधिक हो जाता है ।

(ग) यह पृथ्वी द्वारा सूर्य से प्रकाश ग्रहण करने की मात्रा में अत्यधिक अंतर कर देता है ।

(घ) इससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ जाता है । 1

4. **गद्यांश में प्रयुक्त 'हिमयुग' शब्द में कौन - सा समास निहित है ?**

(क) सम्प्रदान तत्पुरुष समास ।
(ख) अव्ययीभाव समास ।
(ग) अधिकरण तत्पुरुष समास ।
(घ) सम्बन्ध तत्पुरुष समास ।

5. **प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक बताइए ?**

(क) वैश्विक तापवृर्धि ।
(ख) वैश्विक तापवृर्धि के महत्वपूर्ण कारण ।
(ग) वैश्विक तापवृर्धि के दुष्प्रभाव ।
(घ) पृथ्वी के वातावरण में परिवर्तन ।

प्रश्न4 :उपसर्ग व प्रत्यय लिखे व याद करे

प्रश्न 5 : दो बैलो की कथा ,ल्हासा की ओर ,साखी व शब्द के प्रश्न उत्तर लिखे व याद करे |

प्रश्न 6 तेलंगाना के सांस्कृतिक जीवन व दो कवियों के बारे में लिखे |

नोट : प्रश्न 1 से 5 तक का कार्य अलग कॉपी में करे व प्रश्न 6 शीट पर करे